प्रारम्भिक-पाणिनीयम्

[परमलघुसिद्धान्तकौमुदी]

विश्वनाथशास्त्री 'प्रभाकरः'

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना बंगलौर मद्रास

प्रारम्भिक-पाणिनीयम्

[परमलघुसिद्धान्तकौमुदी]

संस्कृत-प्रारम्भिकश्रेणिस्थ-विद्यार्थिनां कृते सर्वतः प्रथम-पठनीयं
पाणिनीय-व्याकरणम्

सूत्रभाषार्थसहितम्

सङ्कलयिता
विश्वनाथशास्त्री 'प्रभाकरः'

सहकारी सङ्कलयिता
निगमानन्दशास्त्री विद्यालङ्कारो हिन्दीप्रभाकरः

मोतीलाल बनारसीदास
दिल्ली वाराणसी पटना बंगलौर मद्रास

पुनर्मुद्रण : १९८५, १९९०, १९९१

बंगलो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली ११० ००७
१२० रॉयपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४
१६ सेन्ट मार्क्स रोड, बंगलोर ५६० ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
चौक, वाराणसी २२१ ००१

मूल्य : रु० १०

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, जवाहरनगर, दिल्ली ११० ००७ द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५ नारायणा, फेज-१, नई दिल्ली ११० ०२८ द्वारा मुद्रित

प्रारम्भिक पाणिनीय

दो शब्द

किसी भी भाषाकी शिक्षा व्याकरणके बिना अधूरी रहती है। संस्कृत भाषाका तो अध्ययन ही व्याकरण-प्रधान होता है; जबकि दूसरी सभी भाषाओं का अध्ययन साहित्य-प्रधान ही चलता है। व्याकरण-प्रधान अध्ययन ने ही संस्कृत भाषाको परिपूर्ण शुद्ध और अविकल रूपमें आज तक सुरक्षित रख छोड़ा है। संस्कृत व्याकरणों में पाणिनीय-व्याकरण का स्थान सबसे ऊँचा है, यतः—यह व्याकरण सर्वाङ्ग-पूर्ण सर्वाङ्गसुन्दर और पूर्ण-परिमार्जित प्रमाणित हुआ है। पाणिनीय-व्याकरण का मूलभूत ग्रन्थ है "अष्टाध्यायी"। यह प्राचीन अनुशासन प्रणालीका ग्रन्थ है, पूर्वकाल में सबसे पहले इसी ग्रन्थ को पढ़ते थे, समस्त पुस्तक कण्ठस्थ कर लेने के अनन्तर शब्दसाधन आरम्भ किया जाता था, एक शब्द की सिद्धि के लिए सारी अष्टाध्यायी की छानबीन करनी होती थी। विद्यार्थियों के लिए इस प्रणाली में कष्ट अनुभव किया गया, तब प्रक्रिया-प्रधान नवीन प्रणाली का आविर्भाव हुआ।

पूर्व प्रणाली

मूल से न चलकर चूल से चलना आरम्भ हुआ—आवश्यक संज्ञाप्रकरण रख कर वाक्य-विशकलन के लिए संधिप्रकरण को सर्वप्रथम स्थान दिया गया; अनन्तर सुबन्तसाधनार्थ षड्लिंग, स्त्रीप्रत्यय, कारक, समास, तद्धित रखे गये और तिङन्त पद-सिद्ध्यर्थ गण, प्रक्रिया, कृदन्त प्रकरण रखे गए; वैदिक प्रकरण तथा स्वर-प्रकरण निकाल कर पृथक् कर दिया गया, इस प्रणाली के प्रौढ ग्रन्थ हैं "प्रक्रिया-कौमुदी" तथा भट्टोजिदीक्षित की 'वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी"।

अर्वाचीन प्रणाली

यह प्रणाली सरल अवश्य सिद्ध हुई, पर विस्तृत होनेके कारण प्रारम्भिक छात्रोंका कष्ट इससे दूर न हो सका, अतः पण्डित श्री वरदराजने सिद्धान्तकौमुदी के संक्षिप्त संस्करण मध्यकौमुदी और लघुकौमुदी का निर्माण किया। लघुकौमुदी पाणिनीय व्याकरण में प्रवेश के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुई। यह पाणिनीय व्याकरण की प्रवेशिका कही जा सकती है, इसका पूर्णतया अध्ययन कर लेने से व्याकरणके सभी विषयों का ज्ञान हो जाता है।

प्रारम्भिक व्याकरणशिक्षा

किन्तु आज का प्रारम्भिक शिशु विद्यार्थी लघुकौमुदी से पूर्ण लाभ उठाने में असमर्थ हो गया है, यथाकथञ्चित् षड्लिंग समाप्त कर शिशु छात्र गणों के बीहड़ जंगल में उलझ जाता है, उत्साह ढीला पड़ जाता है, आगेके आवश्यक प्रकरणों से वञ्चित रह जाता है, अधूरे प्रकरण रट रटा कर परीक्षा पास कर लेना चाहता है। प्रकरणों का अधूरा ज्ञान उसके भविष्य को धूमिल बना देता है।

प्रारम्भिक शिशुछात्रों के इस कष्ट को दूर करने के अभिप्राय से यह **'प्रारम्भिक पाणिनीय'** नामक छोटी-सी पुस्तिका—जिसे 'परम-लघु-कौमदी' भी कहा जा सकता है। संकलित की गई है। इसमें विस्तार को सर्वथा त्याग दिया गया है, अत्यावश्यक प्रारम्भिक विषय ही संगृहीत किये गए हैं। प्रकरणों में अतिसंक्षेप से काम लिया गया है—सन्धिप्रकरण में अत्यावश्यक साधारण सरल प्रयोग ही संग्रह किये गए हैं—अधिक वैकल्पिक दुरूह प्रयोग छोड़ दिये गए हैं, षड्लिंगों में भी बहुत थोड़ेसे अतिसरल अत्यावश्यक शब्द ही रखे गए हैं, अनन्तर कुछ अव्यय देकर, अतिसंक्षिप्त कारक प्रकरण और संक्षेप से समास प्रकरण दे दिया गया है। इसके आगे परमसंक्षिप्त तद्धित प्रकरण है, फिर थोड़े से स्त्रीप्रत्यय रखे गए हैं, इसके आगे गण रख दिये गए हैं, गणों में बहुत संक्षेप से काम लिया गया है, प्रत्येक गण में दो तीन धातुओं से अधिक धातु नहीं रखी गई। आगे प्रक्रिया केवल तीन ही रक्खी गई हैं—ण्यन्त, सन्नन्त, भावकर्म। इसके आगे थोड़े से कृदन्त दे दिये गए हैं, एवं लगभग साढ़े चार सौ सूत्रों में सारा ग्रन्थ समाप्त कर दिया गया है।

पुस्तक परिचय

नम्र निवेदन

आदरणीय अध्यापकवर्ग !

संस्कृतकी प्रारम्भिक शिक्षा आज सर्वथा विशृङ्खल हो रही है, कोई भी एक निश्चित क्रम नहीं है, विशेषतः संस्कृतविद्यालयों में, वर्णशिक्षा पूरी होते ही शिशुछात्र के हाथ में लघुकौमुदी पकड़ा दी जाती है, सूत्रों की रटन्त में ही सालों बीत जाते हैं, कोई आकर्षण न होने से मनोयोग उत्पन्न नहीं होता, हम छात्र पर पढ़ाई बलात् ठूँसते हैं। जिसका परिणाम यह होता है कि छात्र वर्षों के बाद प्राज्ञ प्रथमा परीक्षा देने के योग्य बन जाता है तथापि व्युत्पन्न नहीं हो पाता। अतः संस्कृत शिक्षा के कर्णधारों, विद्यालयाध्यक्षों तथा सहयोगी अध्यापकों की सेवा में विनीत प्रार्थना है कि इस ओर अवश्य शीघ्र ध्यान दें। संस्कृत की प्रारम्भिक शिक्षा को नियत क्रम-बद्ध तथा परिष्कृत बनाएँ।

प्रारम्भिक शिक्षाक्रम

लघुकौमुदी आरम्भ करने से पहले कम से कम दो वर्ष का पाठ्य क्रम हिन्दी में होना चाहिए, जिसके चार भाग हों, प्रत्येक भाग छह मास में समाप्त हो। इन चारों भागों में हिन्दी का पढ़ना-लिखना, साधारण गणित, साधारण भूगोल, अतिसरल प्राचीन इतिहास रहना चाहिये। और साथ ही तृतीय तथा चतुर्थ भाग में संस्कृत का प्रारम्भिक शिक्षण आरम्भ करा दिया जाए। जिसमें भाषा-शिक्षण के लिए संस्कृत पाठ-मालाएँ तथा ऋजुपाठ, और व्याकरण-शिक्षा के लिए यह "प्रारम्भिक पाणिनीय" पूर्वार्ध उत्तरार्ध भाग एक वर्ष में पढ़ा दिया जाए। अनन्तर लघुकौमुदी, हितोपदेश आदि प्राज्ञ श्रेणी का पाठ्य बड़े आनन्द से पढ़ाया जा सकेगा।

मुझे अतिप्रसन्नता होगी यदि मेरे माननीय सहयोगी इस विषय पर अपने विचार प्रकट करें, और संस्कृत-प्रारम्भिक शिक्षा की उपयोगी पुस्तिकाएँ

सविनय अनुरोध

निर्मित कर इस असह्य अभाव को दूर करने की चेष्टा करें। और साथ ही अपने २ विद्यालयों में क्रमबद्ध प्रारम्भिक शिक्षा को स्थान दें। आज दूसरी भाषाओं का प्रारम्भिक शिक्षाक्रम अत्यन्त सुन्दर परिमार्जित तथा सारल्य-पूर्ण बन चुका है, पर संस्कृत शिक्षा के कर्णधारों की कुम्भकर्णी निद्रा अभी

नहीं टूटी। अब समय है, ईश्वर की कृपा से इस विषय के धुरन्धर विद्वान् आज भी विद्यमान हैं, जिनके तनिक उद्योग से यह जटिल समस्या शीघ्र सुलझ सकती है। सुन्दर तथा वर्तमान-समयोपयोगी प्रारम्भिक संस्कृत पाठमालाएँ तथा प्रारम्भिक संस्कृतशब्दकोश निर्माण किये जा सकते हैं।

व्याकरण-विषयक प्रारम्भिक शिक्षा के लिए छोटी-सी पुस्तिका लिखने का मैंने साहस-किया है, अच्छा होता यदि यह कार्य किसी विशेष अनुभव-सम्पन्न विद्वान् द्वारा सम्पन्न होता, पर मैं विशेष अनुभवी विद्वानों से आशा रखता हूँ कि मेरी धृष्टता पर वे क्षमा करेंगे और मेरे इस प्रयास को अपने पुनीत हृदय में अवश्य स्थान देंगे। और मेरी त्रुटियों की सूचना मुझे देकर इसे पूर्ण परिमार्जित रूप में लाने के लिए मेरे सच्चे सहायक बनेंगे।

क्षमाप्रार्थना

प्रभु की कृपा से आज यह पुस्तक इस रूप में सम्पन्न हो सकी है, श्री पं० निगमानन्द शास्त्री ने शिशुछात्रोपकारार्थ सूत्रभाषा लिखकर इसे और भी उपयोगी बना दिया है। एवं यह सुन्दर "उपहार" हम शिशुछात्रों के अति ललित कोमल करकमलों में सस्नेह समर्पित करते हैं। हमें पूर्ण आशा है—शिशुछात्र इस उपहार से अति प्रसन्न होंगे, और पूर्णतया लाभ उठायेंगे।

सस्नेह समर्पण

भवदीय स्नेही
विश्वनाथ शास्त्री
आ० शु० द्वितीया, २००३

तृतीय संस्करण

यह तृतीय संस्करण पहले की अपेक्षा संशोधित तथा परिमार्जित रूप में प्रकाशित किया गया है। पहले की सब त्रुटियाँ और अशुद्धियाँ इसमें दूर कर दी गई हैं। आशा है शिशुछात्र इससे अब पूर्ण लाभ उठा सकेंगे।

सङ्कलयिता
भा० कृ० तृतीया सं० २०२०
(८-८-१९६३)



श्रीहरिः शरणम् ।

श्रीगणेशाय नमः । श्रीसरस्वत्यै नमः ।

प्रारम्भिक-पाणिनीयम्

अथ संज्ञा-प्रकरणम्

(शिव-सूत्राणि)

अ इ उ ण् । ऋ ऌ क् । ए ओ ङ् । ऐ औ च् । ह य व र ट् । ल ण् । ञ म ङ ण न म् । झ भ ञ् । घ ढ ध ष् । ज ब ग ड द श् । ख फ छ ठ थ च ट त व् । क प य् । श ष स र् । ह ल् ।

इति माहेश्वराणि सूत्राणि अणादि—सञ्ज्ञार्थानि । एषाम् अन्त्या इतः । हकारादिषु अकार उच्चारणार्थः । लण्-मध्ये तु इत्सञ्ज्ञकः ।

उपदेशेऽजनुनासिक इत् १ । ३ । २ ।

उपदेशेऽनुनासिकोऽच् इत्सञ्ज्ञः स्यात् ।

भाषार्थ—

इति माहेश्वराणीत्यादि—ये चौदह सूत्र अण् आदि संज्ञाओं (प्रत्याहारों) की सिद्धि के लिये महेश्वर की कृपा से प्राप्त हुए हैं। इनके अन्त के अक्षर इत्संज्ञक हैं। हकार आदि अक्षरों में अकार उच्चारणमात्र के लिए है। किन्तु—'लण्' सूत्र में अकार इत्संज्ञक है।

१—उपदेश में अननुनासिक अच् की इत् संज्ञा होती है।

२ हलन्त्यम् १ । ३ । ३ ।

उपदेशेऽन्त्यं हल् इत् स्यात् । उपदेशः=आद्योच्चारणम् ।

३ अदर्शनं लोपः १ । १ । ६० ।

प्रसक्तस्याऽदर्शनं लोप-सञ्ज्ञं स्यात् ।

४ तस्य लोपः १ । ३ । ९ ।

इत्सञ्ज्ञकस्य लोपः स्यात् । णादयोऽणाद्यर्थाः ।

५ आदिरन्त्येन सहेता १ । १ । ७१ ।

अन्त्येन इता सहित आदिर्मध्यगानां स्वस्य च सञ्ज्ञा स्यात् । यथा–"अण्" इति अ इ उ वर्णानां सञ्ज्ञा । एवम्–अक् अच् अल् हल् इत्यादयः ।

६ ऊकालोऽज् ह्रस्व-दीर्घ-प्लुतः १ । २ । २७ ।

उ ऊ ऊ ३ इत्युच्चारण-काल-सदृश-कालोऽच् क्रमात् ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत-सञ्ज्ञः स्यात् । स प्रत्येकमुदात्तादि-भेदेन त्रिधा ।

७ उच्चैरुदात्तः १ । २ । २९ ।

२—उपदेश अवस्था में अन्त्य हल् की इत्संज्ञा होती है। पाणिनि आदि आचार्यों के प्रथम उच्चारण को उपदेश कहते हैं।

३—विद्यमान के अदर्शन को लोप कहते हैं।

४—इत्संज्ञक का लोप होता है।

'अ इ उ ण्' इत्यादि सूत्रों में णकार आदि अक्षर अण्-अक्-अच् इत्यादि प्रत्याहार सिद्धि के लिये हैं।

५—अन्त्य इत् के साथ उच्चार्यमाण आदिवर्ण मध्यगामी वर्णों का तथा अपना बोधक होता है। जैसे—'अण्' यह अ इ उ वर्णों का बोधक है। ऐसे ही अक्-अच्-अल्-हल् इत्यादि प्रत्याहार जानें।

६—उकारत्रय के उच्चारणकाल के समान उच्चारणवाला अच् ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत संज्ञा वाला होता है। ह्रस्व-दीर्घ-प्लुत भेद से तीन प्रकार का अच् पुनः उदात्तादि भेद से तीन प्रकार का होता है।

७—ऊँचे उच्चारण को 'उदात्त' कहते हैं।

८ नीचैरनुदात्तः १ । २ । ३० ।

९ समाहारः स्वरितः १ । २ । ३१ ।

एवं स नव-विधोऽपि प्रत्येकमनुनासिकाऽनुनासिकत्वाभ्यां द्विधा ।

१० मुख-नासिका-वचनोऽनुनासिकः १ । १ । ८ ।

मुख-सहितनासिकया उच्चार्यमाणो वर्णोऽनुनासिक संज्ञः स्यात् । तदित्थम्—अ इ उ ऋ एषां वर्णानां प्रत्येकमष्टादश (१८ भेदाः ।) लृ-वर्णस्य द्वादश (१२); तस्य दीर्घाभावात् । एचामपि द्वादश, तेषां ह्रस्वाभावात् ।

११ तुल्यास्य-प्रयत्नं सवर्णम् १ । १ । ९ ।

ताल्वादिस्थानम् आभ्यन्तर-प्रयत्नश्च इत्येतद् द्वयं यस्य येन तुल्यं तन्मिथः सवर्ण-संज्ञं स्यात् । (ऋ-लृ-वर्णयोर्मिथः सावर्ण्यं वाच्यम्) ।

तत्र स्थानानि—

अ—कु—ह—विसर्जनीयानां कण्ठः ।

८—नीचे उच्चारण को 'अनुदात्त' कहते हैं ।

९—मध्य (न ऊँचा, न नीचा) उच्चारण को 'स्वरित' कहते हैं । वह नौ प्रकार का भी अच् अनुनासिक और अननुनासिक भेद से दो दो प्रकार का होता है ।

१०—मुखसहित नासिका से उच्चार्यमाण वर्ण अनुनासिक संज्ञक होता है । इस प्रकार अ, इ, उ, ऋ, वर्णों में से प्रत्येक के अठारह-अठारह भेद होते हैं । दीर्घ न होने से लृवर्ण के बारह भेद होते हैं । ह्रस्व न होने से एचों के भी बारह बारह भेद होते हैं । (चक्र में आगे देखो) ।

११—तालु आदि स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न जिन वर्णों के तुल्य हों उनकी परस्पर सवर्ण संज्ञा होती है । (ऋ और लृ वर्ण की आपस में सवर्ण संज्ञा होती है) ।

अथ स्थानविवेक

अकार, कवर्ग, हकार और विसर्जनीय, इनका कण्ठ स्थान है ।

इ–चु–य–शानां तालु ।

ऋ–टु–र–षाणां मूर्धा ।

लृ–तु–ल–सानां दन्ताः ।

उ–पु–उपध्मानीयानाम् ओष्ठौ ।

ञ–म–ङ–ण–नानां नासिका च ।

एदैतोः कण्ठ-तालु ।

ओदौतोः कण्ठोष्ठम् ।

'व'–कारस्य दन्तोष्ठम् ।

अ इ उ ऋ लृ	अ इ उ ए ओ ऐ औ	अ इ उ ऋ लृ ए ओ ऐ औ
ह्रस्वभेदाः	दीर्घभेदाः	प्लुतभेदाः
१ ह्र. उदात्तानुनासिकः	७दी. उदात्तानुनासिकः	१३ प्लु. उदात्तानुनासिकः
२ ह्र. उदात्ताननुनासिकः	८दी. उदात्ताननुनासिकः	१४ प्लु. उदात्ताननुनासिकः
३ह्र.अनुदात्तानुनासिकः	९दी. अनुदात्तानुनासिकः	१५ प्लु. अनुदात्तानुनासिकः
४ह्रअनुदात्ताननुनासिकः	१०दी. अनुदात्ताननुनासिकः	१६ प्लु. अनुदात्ताननुनासिकः
५ ह्र. स्वरितानुनासिकः	११दी. स्वरितानुनासिकः	१७ प्लु. स्वरितानुनासिकः
६ ह्र. स्वरिताननुनासिकः	१२दी. स्वरिताननुनासिकः	१८ प्लु. स्वरिताननुनासिकः

इकार, चवर्ग, यकार और शकार, इनका 'तालु' स्थान है।

ऋकार, टवर्ग, रेफ और षकार, इनका 'मूर्धा' स्थान है।

लृकार तवर्ग लकार और सकार, इनका 'दन्त' स्थान है।

उकार, पवर्ग और उपध्मानीय, इनका 'ओष्ठ' स्थान है।

ञकार-मकार-ङकार-णकार-नकार, इनका नासिका स्थान है, चकार से (इनके) स्व-स्व स्थान भी हैं।

ए और ऐ का कण्ठ-तालु स्थान है।

ओ और औ का कण्ठोष्ठ स्थान है।

वकार का दन्तोष्ठ स्थान है।

जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम्।

अनुस्वारस्य नासिका।

ᳵक, ᳵख इति क-खाभ्यां प्राग् अर्ध-विसर्गसदृशो जिह्वा-मूलीयः।

ᳶप, ᳶफ इति प-फाभ्यां प्राग् अर्ध-विसर्ग-सदृश उपध्मानीयः।

'अं', 'अः', इत्यचः परौ अनुस्वार-विसर्गौ।

अथ प्रयत्नाः

यत्नो द्विधा आभ्यन्तरो बाह्यश्च। आद्यः पञ्चधा—स्पृष्टम्, ईषत्-स्पृष्टम्, विवृतम्, ईषद्-विवृतम्, संवृतमिति भेदात्। तत्र स्पृष्टं प्रयतनं स्पर्शानाम्। ईषत्स्पृष्टम् अन्तःस्थानाम्। विवृतं स्वराणाम्। ईषद्-विवृतम् ऊष्मणाम्। संवृतं प्रयोगे ह्रस्वाऽवर्णस्य।

कादयो माऽवसानाः स्पर्शाः। यणोऽन्तःस्थाः। श-ष-स-हाः=ऊष्माणः। अचः—स्वराः। हलः=व्यञ्जनानि।

जिह्वामूलीय का जिह्वामूल स्थान है।

अनुस्वार का नासिका स्थान है।

ᳵक ᳵख से पूर्व अर्ध विसर्ग सदृश जिह्वामूलीय कहलाता है। ᳶप ᳶफ से पूर्व अर्धविसर्ग सदृश उपध्मानीय कहलाता है। अनुस्वार और विसर्ग अच् से परे होते हैं; जैसे—'अं' 'अः'।

अथ प्रयत्न

यत्न दो प्रकार का है, आभ्यन्तर और बाह्य। आभ्यन्तर प्रयत्न पाँच प्रकार का है, स्पृष्ट, ईषत्स्पृष्ट, विवृत, ईषद्विवृत, और संवृत। उनमें स्पृष्ट प्रयत्न स्पर्शों का है, अन्तःस्थों का ईषत्स्पृष्ट प्रयत्न है, स्वरों का विवृत प्रयत्न है। ऊष्म-वर्णों का ईषद्विवृत प्रयत्न है। ह्रस्व अवर्ण का प्रयोग में संवृत प्रयत्न होता है। क से म तक स्पर्श कहलाते हैं। यणों को अन्तःस्थ वर्ण कहते हैं। श ष स ह को ऊष्मवर्ण कहते हैं। अचों को स्वर कहते हैं। हलों को व्यञ्जन कहते हैं।

बाह्यप्रयत्न एकादशधा—विवारः, संवारः, श्वासः, नादः, अघोषः घोषः, अल्पप्राणः, महाप्राणः, उदात्तः, अनुदात्तः, स्वरितश्चेति। खरां विवारः, श्वासोऽघोषश्च। हशां संवारो, नादो, घोषश्च। वर्गाणां प्रथम-तृतीय-पञ्चमा यणश्चाल्पप्राणाः। वर्गाणां द्वितीय-चतुर्थौ शलश्च महाप्राणाः।

आभ्यन्तरप्रयत्नचित्रम्

स्पृष्टम्	ई. स्पृ.	विवृतम्	ई. वि.	संवृतम्
क. च. ट. त. प.	य.	अ. ए.	श.	ह्रस्वः 'अ' प्रयोगे
ख. छ. ठ. थ. फ.	र.	इ. ओ.	ष.	
ग. ज. ड. द. ब.	ल.	उ. ऐ.	स.	
घ. झ. ढ. ध. भ.	व.	ऋ. औ.	ह.	
ङ. ञ. ण. न. म.		ऌ.		

बाह्य प्रयत्न ग्यारह प्रकार का होता है, जैसे—विवार, संवार, श्वास, नाद, अघोष, घोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त, और स्वरित।

खर् प्रत्याहार के वर्णों के विवार-श्वास-अघोष प्रयत्न होते हैं। हश् प्रत्याहार के वर्णों के संवार-नाद-घोष प्रयत्न होते हैं। वर्गों के प्रथम-तृतीय पञ्चम वर्ण तथा यण्, इनका अल्पप्राण प्रयत्न होता है। वर्गों के द्वितीय-चतुर्थ वर्ण और शल् प्रत्याहार इनका महाप्राण प्रयत्न होता है।

बाह्यप्रयत्नविवेकः

विवारःश्वासः अघोषः	संवारः, नादःघोषः	अल्पप्राणः	महाप्राणः	उदात्तः, अनुदात्तः, स्वरितः
क. ख. श.	ग. घ. ङ. य.	क. ग. ङ. य. अ. ऌ.	ख. घ. श.	अ. ए.
च. छ. ष.	ज. झ. ञ. व.	च. ज. ञ. व. इ. ए.	छ. झ. ष	इ. ओ.
ट. ठ. स.	ड. ढ. ण. र.	ट. ड. ण. र. उ. ओ.	ठ. ढ. स.	उ. ऐ.
त. थ.	द. ध. न. ल.	त. द. न. ल. ऋ. ऐ.	थ. ध. ह.	ऋ. औ.
प. फ.	ब. भ. म. [illegible]	[illegible] म. औ.	फ. भ.	ऌ.

१२ अणुदित्सवर्णस्य चाऽप्रत्ययः । १ । १ । ६९ ।

अविधीयमानोऽण् उदित् च सवर्णस्य सञ्ज्ञा स्यात् । अत्रैव 'अण्' परेण णकारेण । कु–चु–टु–तु–पु एते उदितः । तदेवम् 'अ' इत्यष्टादशानां (१८) संज्ञा । तथा इकारः, उकारश्च । ऋकारः त्रिंशतः (३०) संज्ञा । अनुनासिकाऽननुनासिक–भेदेन य-व-ला द्विधा । ते च द्वयोर्द्वयोः संज्ञा ।

१३ परः सन्निकर्षः संहिता १ । ४ । १०९ ।

वर्णानामति–सन्निधिः संहिता–संज्ञः स्यात् ।

१४ हलोऽनन्तराः संयोगः १ । १ । ७ ।

अज्भिरव्यवहिता हलः संयोग–संज्ञाः स्युः ।

१५ सुप्तिङन्तं पदम् १ । १ । १४ ।

सुबन्तं तिङन्तञ्च पद-संज्ञं स्यात् । यथा—रामः, भवति ।

१६ अलोऽन्त्यात् पूर्व उपधा १ । १ । ६५ ।

अन्त्यादलः पूर्वो वर्ण उपधासंज्ञः स्यात् ।

इति संज्ञा-प्रकरणम्

१२—अविधीयमान अण् और उदित् सवर्ण का बोधक होता है । केवल इसी सूत्र में अण् प्रत्याहार पर णकार (लण् के णकार) से लिया जाता है । कु-चु-टु-तु-पु ये उदित् कहलाते हैं ।

'अ' यह अठारह का बोधक होता है । इसी प्रकार इकार उकार भी अठारह अठारह के बोधक होते हैं । ऋकार तीस का बोधक होता है । अनुनासिक और अननुनासिक भेद से य-व-ल दो-दो प्रकार के होते हैं । अतएव अननुनासिक य-व-ल दो-दो के बोधक होते हैं ।

१३—वर्णों की अतिशय समीपता को 'संहिता' कहते हैं ।

१४—अचों के व्यवधान से रहित हल् 'संयोग' संज्ञक होते हैं ।

१५—सुबन्त और तिङन्त की 'पद' संज्ञा होती है । जैसे—रामः, भवति ।

१६—अन्त्य अल् से पूर्व वर्ण को 'उपधा' संज्ञा होती है ।

इति संज्ञाप्रकरणम् ।

अथ अच्सन्धिः

१७ इको यणचि ६ । १ । ७७ ।

इकः स्थाने यण् स्याद् अचि संहितायां विषये । सुधी—उपास्यः, इति स्थिते ।

१८ स्थानेऽन्तरतमः १ । १ । ५० ।

प्रसङ्गे सति सदृशतम आदेशः स्यात् । ईकारस्य यकारे, "अज्-हीनं परेण संयोज्यम्" सुध्युपास्यः । मधु+अरिः=मध्वरिः । धातृ+अंशः= धात्रंशः । लृ+आकृतिः=लाकृतिः । गौरी+आगच्छति=गौर्यागच्छति । कुरु+इदम्=कुर्विदम् । मातृ+आज्ञा=मात्राज्ञा । लृ+आकारः=लाकारः ।

१९ एचोऽयवायावः ६ । १ । ७८ ।

एचः क्रमात् 'अय्, अव्, आय्, आव्' एते स्युरचि । हरि+ए=हरये । विष्णो+ए=विष्णवे । नै+अकः=नायकः । पौ+अकः=पावकः । ने+अति=नयति । भो+अति=भवति । वटो+ऋक्षः=वटवृक्षः । ग्लै+अति=ग्लायति । नौ+इकः=नाविकः । भौ+उकः=भावुकः ।

२० अदेङ् गुणः १ । १ । २ ।

अत् एङ् च गुण-संज्ञः स्यात् ।

अथ अच्सन्धि

१७—इक् के स्थान में यण् होता है अच् परे होने पर संहिता के विषय में ।

१८—प्रसंग होने पर सदृशतम आदेश होता है । अच् रहित वर्ण अगले वर्ण के साथ मिला देना चाहिये ।

१९—एचों को क्रम से अय्, अव्, आय्, आव्, आदेश होते हैं अच् परे हो तो ।

२०—अत् और एङ् की गुण संज्ञा होती है ।

२१ तपरस्तत्कालस्य १ । १ । ७० ।

तः परो यस्मात् तात् परश्च उच्चार्यमाण-समकालस्यैव सञ्ज्ञा स्यात् ।

२२ आद्गुणः ६ । १ । ८७ ।

अवर्णाद् अचि परे पूर्वपरयोरेको गुण आदेशः स्यात् । उप + इन्द्रः = उपेन्द्रः । गङ्गा = उदकम् = गङ्गोदकम् । गज + इन्द्रः = गजेन्द्रः । रमा + ईशः = रमेशः । सूर्य + उदयः = सूर्योदयः । पाठ + उत्सुकः=पाठोत्सुकः ।

२३ उरण् रपरः १ । १ । ५१ ।

ऋ—स्थाने योऽण् स रपरः सन्नेव प्रवर्तते । कृष्ण + ऋद्धिः = कृष्णर्धिः । राज + ऋषिः = राजर्षिः । वसन्त + ऋतुः = वसन्तर्तुः ।

२४ वृद्धिरादैच् १ । १ । १ ।

आद् ऐच्च वृद्धि-संज्ञः स्यात् ।

२५ वृद्धिरेचि ६ । १ । ८८ ।

आद् एचि परे वृद्धिरेकादेशः स्यात् । गुणाऽपवादः । कृष्ण + एकत्वम् = कृष्णैकत्वम् । गङ्गा + ओघः = गङ्गौघः । देव + ऐश्वर्यम् = देवैश्वर्यम् । कृष्ण + औत्कण्ठ्यम् = कृष्णौत्कण्ठ्यम् । पञ्च + एते = पञ्चैते ।

२१—तकार है परे जिससे अथवा तकार से परे जो अच् वह उच्चार्यमाण समानकाल का ही बोधक होता है । (अर्थात्—यदि ह्रस्व के साथ त् है तो ह्रस्व का, दीर्घ प्लुत के साथ त् होगा तो दीर्घ और प्लुत का ही बोधक होगा) ।

२२—अवर्ण से अच् परे हो तो पूर्व पर के स्थान में गुण रूप एक आदेश होता है ।

२३—तीस प्रकार की ऋ के स्थान में होने वाला अण् रपर होकर प्रवृत्त होता है ।

२४—आत् और ऐच् की वृद्धि संज्ञा होती है ।

२५—अवर्ण से एच् परे हो तो पूर्व पर के स्थान में वृद्धिरूप एक आदेश होता है । यह सूत्र गुण का अपवाद है ।

तण्डुल + ओदनम् = तण्डुलौदनम् । माधव + एधनम् = माधवैधनम् । राम + औदार्यम् = रामौदार्यम् ।

२६ अकः सवर्णे दीर्घः ६ । १ । १०१ ।

अकः सवर्णऽचि परे पूर्वपरयोर्दीर्घ एकादेशः स्यात् । दैत्य + अरिः = दैत्यारिः । श्री + ईशः = श्रीशः । विष्णु + उदयः = विष्णूदयः । होतृ + ऋकारः = होतृकारः । मुर + अरि = मुरारिः । भानु + उदयः = भानूदयः । लक्ष्मी + ईशः = लक्ष्मीशः ।

२७ एङः पदान्तादति ६ । १ । १०९ ।

पदान्ताद् एङोऽति परे पूर्वरूपमेकादेशः स्यात् । हरे + अव = हरेऽव विष्णो + अव = विष्णोऽव । स्थले + अत्र = स्थलेऽत्र । कृष्णो + अहम् = कृष्णोऽहम् ।

२८ दूराद्धूते च ८ । २ । ८४ ।

दूरात् हूते (सम्बोधने) वाक्यस्य टेः प्लुतो वा ।

२९ प्लुत-प्रगृह्या अचि नित्यम् ६ । १ । १२५ ।

एतेऽचि प्रकृत्या स्युः । आगच्छ कृष्ण३ अत्र गौश्चरति ।

३० ईदूदेद् द्विवचनं प्रगृह्यम् १ । १ । ११ ।

ईदूदेदन्तं द्विवचनं प्रगृह्य-संज्ञं स्यात् । विष्णू इमौ । गङ्गे अमू । धनुषी एते । भानू उदयेते । कुले उत्कृष्टे ।



इत्यच्-सन्धिः ।

२६—अक् से सवर्ण अच् परे हो तो पूर्व पर के स्थान में दीर्घरूप एक आदेश होता है ।

२७—पदान्त एङ् से अत् परे हो तो पूर्व पर के स्थान में पूर्वरूप एकादेश होता है ।

२८—दूर से सम्बोधन में वाक्य की टि को प्लुत होता है विकल्प से ।

२९—प्लुत और प्रगृह्य को अच् परे हो तो नित्य प्रकृतिभाव होता है ।

३०—ईदन्त, ऊदन्त और एदन्त द्विवचन प्रगृह्य संज्ञक होता है ।

इति अच्सन्धि ।

अथ हल्सन्धिः

३१ स्तोः श्चुना श्चुः ८ । ४ । ४० ।

सकार-तवर्गयोः शकार-चवर्गाभ्यां योगे शकारचवर्गौ स्तः । रामस् + शेते = रामश्शेते । रामस् + चिनोति=रामश्चिनोति । सत् + चित्=सच्चित् । शार्ङ्गिन् + जयः=शार्ङ्गिञ्जयः । कृष्णस् + चपलः = कृष्णश्चपलः । ग्रामात् + चलितः=ग्रामाच्चलितः ।

३२ झलां जशोऽन्ते ८ । २ । ३९ ।

पदान्ते झलां जशः स्युः वाक् + ईश=वागीशः । मत् + आगमनम् = मदागमनम् ।

३३ यरोऽनुनासिकेऽनुनासिको वा ८ । ४ । ४५ ।

यरः पदान्तस्याऽनुनासिके परेऽनुनासिको वा स्यात् । एतत् + मुरारिः = एतन्मुरारिः । वाक् + मधु = वाङ्मधु । सत् + मनोहरम् = सन्मनोहरम् । उद् + मानम् = उन्मानम् । ऋक् + मन्त्रः = ऋङ्मन्त्रः ।

३४ खरि च ८ । ४ । ५५ ।

खरि परे झलां चरः स्युः । अस्मद् + पुत्रः = अस्मत्पुत्रः ।

३५ मोऽनुस्वारः ८ । ३ । २३ ।

मान्तस्य पदस्याऽनुस्वारो हलि परे । हरिम् + वन्दे = हरिं वन्दे । ग्रामम् + गच्छति = ग्रामं गच्छति । कृष्णम् + नमति कृष्णं नमति ।

अथ हल्-सन्धि

३१—सकार-तवर्ग को शकार-चवर्ग के योग में शकार-चवर्ग होते हैं ।

३२—पदान्त में झलों को जश् होते हैं ।

३३—पदान्त यर् को अनुनासिक परे हो तो अनुनासिक विकल्प से होता है ।

३४—खर् परे हो तो झलों को चर् होते हैं ।

३५—मान्त पद को अनुस्वार होता है हल् परे हो तो ।

३६ नश्चाऽपदान्तस्य झलि ८ । ३ । २४ ।

नस्य मस्य चाऽपदान्तस्य झलि परेऽनुस्वारः। यशान् + सि = यशांसि । वासान् + सि = वासांसि । आक्रम् + स्यते = आक्रंस्यते । प्रणम् + स्यते=प्रणंस्यते ।

३७ अनुस्वारस्य ययि पर-सवर्णः ८ । ४ । ५८ ।

अपदान्तस्याऽनुस्वारस्य ययि परे पर-सवर्णः स्यात्। शां + तः = शान्तः । अं + कितः = अङ्कितः । अं + चितः = अञ्चितः । कुं + ठितः = कुण्ठितः । ग्रं + थः = ग्रन्थः । दां + तः = दान्तः । गुं + फितः = गुम्फितः ।

३८ ङमो ह्रस्वादचि ङमुण् नित्यम् ८ । ३ । ३२ ।

ह्रस्वात् परो यो ङम् तदन्तं यत् पदं तस्मात् परस्य अचो नित्यं ङमुट् (ङुट्—णुट्—नुट्) स्यात्। प्रत्यङ् + आत्मा = प्रत्यङ्ङात्मा । सुगण् + ईश = सुगण्णीशः । सन् + अच्युतः = सन्नच्युतः ।

३९ छे च ६ । १ । ७३ ।

ह्रस्वस्य छे परे तुक् स्यात्। शिव + छाया = शिवच्छाया ।

इति हल्-सन्धिः ।

३६—अपदान्त नकार और मकार को अनुस्वार होता है झल् परे हो तो ।

३७—अनुस्वार को यय् परे हो तो परसवर्ण होता है ।

३८—ह्रस्व से परे जो ङम्, तदन्त पद से परे अच् को नित्य ङमुट् का आगम होता है ।

३९—ह्रस्व को 'छ' परे हो तो तुक् का आगम होता है ।

इति हल्-सन्धि ।

—:०:—

अथ विसर्ग-सन्धिः

४० स-सजुषो रुः ८ । २ । ६६ ।

पदान्तस्य सस्य, सजुषश्च रुः स्यात् ।

४१ खरवसानयोर्विसर्जनीयः ८ । ३ । १५ ।

खरि अवसाने च पदान्तस्य रेफस्य विसर्गः स्यात् ।

४२ विसर्जनीयस्य सः ८ । ३ । ३४ ।

खरि परे विसर्जनीयस्य सः स्यात् । विष्णुस् + त्राता, सस्य रुः अनुबन्धलोपे रेफस्य विसर्गः, विष्णुस्त्राता ।

४३ अतोरोरप्लुतादप्लुते ६ । १ । ११३ ।

अप्लुताद् अतः परस्य रोः उः स्यात् अप्लुते अति परे । शिवस् अर्च्यः, रुत्वे उत्वं, गुणे पूर्वरूपम्, शिवोऽर्च्यः । एवम्—शुद्धोऽहम् । बुद्धोऽस्मि । छात्रोऽयम् ।

४४ हशि च ६ । १ । ११४ ।

अप्लुताद् अतः परस्य रोः उः स्याद् हशि परे । शिवस् + वन्द्यः, सस्य रुत्वे उत्वं गुणः, शिवो वन्द्यः । एवम्—रामो वदति । छात्रो गच्छति । कृष्णो जयति । काको डीयते । कर्णो ददाति । व्यासो ब्रूते ।

४५ भो-भगो-अघो-अ-पूर्वस्य योऽशि ८ । ३ । १७ ।

एतत् पूर्वस्य रोर्यादेशोऽशि परे । देवा इह । एवम्—छात्रा

अथ विसर्ग-सन्धि

४०—पदान्त सकार और सजुष् शब्द के षकार को रु होता है ।

४१—खर् परे और अवसान में पदान्त रेफ को विसर्ग होता है ।

४२—खर् परे हो तो विसर्गों को स् होता है ।

४३—अप्लुत अत् से परे रु को उ होता है अप्लुत अत् परे हो तो ।

४४—अप्लुत अत् से परे रु को उ होता है हश् परे हो तो ।

४५—भो-भगो-अघो और अकार हो पूर्व में जिसके ऐसे 'रु' को य् होता है अश् परे हो तो ।

आगच्छन्ति। वीरा उत्सहन्ते। देवा एधन्ते। भोस्, भगोस्, अघोस्, इति सकारान्ता निपाताः, तेषां रोर्यत्वे कृते—

४६ हलि सर्वेषाम् ७। ३। २२।

भो भगो अघो अ-पूर्वस्य यस्य लोपः स्याद् हलि। भो देवाः!। भगो नमस्ते। अघो याहि। देवा नमन्ति। धार्मिका वर्धन्ते। भक्ता भजन्ति। बाला रमन्ते। याज्ञिका यान्ति। विप्रा दयन्ते।

४७ रोरि ८। ३। १४।

रेफे परे रेफस्य लोपः स्यात्।

४८ ढ्रलोपे पूर्वस्य दीर्घोऽणः ६। ३। १११।

ढ–रेफयोः लोप-निमित्तयोः परतः पूर्वस्याऽणो दीर्घः स्यात्। पुनर् + रमते = पुना रमते। हरिर् + रम्यः = हरी रम्यः। शम्भुर् + राजते = शम्भू-राजते। निर् + रसः = नीरसः। प्रातर् + रमते = प्राता रमते।

४९ एतत्तदोः सु-लोपोऽकोरनञ्-समासे हलि ६। १। १३२

ककार-रहितयोरेतत्तद्-शब्दयोर्यः सुस्तस्य लोपः स्यात् हलि, न तु नञ्-समासे। एषस् + विष्णुः = एष विष्णुः। सस् + शम्भुः = स शम्भुः। एवम्—एष शोभते। स चलति। स गच्छति। स च।

इति विसर्ग-सन्धिः।

४६—भो-भगो-अघो अ-पूर्वक यकार का लोप होता है हल् परे हो तो।

४७—रेफ परे हो तो रेफ का लोप होता है।

४८—लोपनिमित्तक ढ और रेफ परे हो तो पूर्व अण् को दीर्घ होता है।

४९—ककार रहित एतत् और तत् शब्द सम्बन्धी सु का लोप होता है हल् परे हो तो, नञ् समास में नहीं।

इति विसर्ग-सन्धि।

अथ षड्-लिङ्गेषु

अजन्त-पुँल्लिङ्गाः

५० अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम् १ । २ । ४५ ।

धातुं प्रत्ययं प्रत्ययान्तं च वर्जयित्वा अर्थवत् शब्द-स्वरूपं प्रातिपदिकसंज्ञं स्यात् ।

५१ कृत्तद्धित-समासाश्च १ । २ । ४६ ।

कृत्-तद्धितान्तौ समासाश्च प्रातिपदिक-संज्ञाः स्युः । रामशब्दः कृदन्तत्वात् प्रातिपदिकम् ।

५२ स्वौजसमौट्-छष्टाभ्यां-भिस्-ङे-भ्याम्-भ्यस्-ङसि-भ्याम्-भ्यस् ङसोसाम्-ङ्योस्सुप् ४ । १ । २ ।

सु, औ, जस् , इति प्रथमा । अम् , औट् , शस् , इति द्वितीया । टा, भ्यां, भिस् , इति तृतीया । ङे, भ्यां, भ्यस् , इति चतुर्थी । ङसि, भ्यां, भ्यस् , इति पञ्चमी । ङस् , ओस् , आम् , इति षष्ठी । ङि, ओस् , सुप् , इति सप्तमी ।

५३ ङ्याप्-प्रातिपादिकात् ४ । १ । १ ।

५४ प्रत्ययः ३ । १ । १ ।

५५ परश्च ३ । १ । २ ।

इत्यधिकृत्य । ङ्यन्तात् आबन्तात् प्रातिपदिकाच्च परे स्वादयः प्रत्ययाः स्युः ।

अथ अजन्त-पुंल्लिङ्ग

५०—धातु, प्रत्यय और प्रत्ययान्त से भिन्न अर्थवान् शब्दस्वरूप की प्रातिपदिक संज्ञा होती है ।

५१—कृदन्त, तद्धितान्त और समासान्त की प्रातिपदिक संज्ञा होती है ।

५२–५३–५४–५५ ङ्यन्त, आबन्त और प्रातिपदिक से परे सु आदि प्रत्यय होते हैं ।

५६ सुपः १ । ४ । १०३ ।

सुपः त्रीणि त्रीणि वचनानि एकशः एकवचन–द्विवचन–बहुवचन–संज्ञानि स्युः ।

५७ द्व्येकयोर्द्विवचनैकवचने १ । ४ । २२ ।

एकत्व-विवक्षायाम् एकवचनं, द्वित्व-विवक्षायां द्विवचनं स्यात् । राम+सु, अनुबन्ध-लोपे, रामस्—

५८ विरामोऽवसानम् १ । ४ । ११० ।

वर्णानाम् अभावोऽवसान-संज्ञः स्यात् । रुत्व-विसर्गौ । रामः । राम+औ—

५९ प्रथमयोः पूर्व-सवर्णः ६ । १ । १०२ ।

अकः प्रथमा-द्वितीययोरचि पूर्व-सवर्ण-दीर्घ एकादेशः स्यात् । इति प्राप्ते—

६० नादिचि ६ । १ । १०४ ।

अवर्णाद् इचि परे न पूर्व-सवर्ण-दीर्घः । "वृद्धिरेचि" रामौ ।

६१ बहुषु बहुवचनम् १ । ४ । २१ ।

बहुत्व-विवक्षायां बहुवचनं स्यात् । राम+जस्—

---

५६ सुप् के तीन तीन वचन एकवचन, द्विवचन और बहुवचन संज्ञक होते हैं ।

५७ एकत्व की विवक्षा में एकवचन, और द्वित्व की विवक्षा में द्विवचन होता है ।

५८ वर्णों के अभाव को अवसान कहते हैं ।

५९ अक् से प्रथमा द्वितीया सम्बन्धी अच् परे हो तो पूर्वसवर्णदीर्घ एकादेश होता है । यह सूत्र प्राप्त हुआ ।

६० अवर्ण से इच् परे हो तो पूर्वसवर्ण दीर्घ नहीं होता ।

६१ बहुत्व की विवक्षा में बहुवचन होता है ।

६२ चुटू । १ । ३ । ७ ।

प्रत्ययाद्यौ चवर्ग-टवर्गौ इतौ स्तः । जस्य इत्त्वे लोपः ।

६३ विभक्तिश्च १ । ४ । १०४ ।

सुप्-तिङौ विभक्तिसंज्ञौ स्तः ।

६४ न विभक्तौ तुस्माः १ । ४ । ४ ।

विभक्तिस्थाः तवर्ग-सकार-मकारा इतो न स्युः । इति सस्य नेत्त्वम् । पूर्व-सवर्ण दीर्घे रुत्वविसर्गौ, रामाः ।

६५ एक-वचनं सम्बुद्धिः २ । ३ । ४९ ।

सम्बोधने प्रथमाया एकवचनं सम्बुद्धि-संज्ञं स्यात् ।

६६ यस्मात् प्रत्यय-विधिस्तदादि प्रत्ययेऽङ्गम् १ । ४ । १३ ।

यः प्रत्ययो यस्मात् क्रियते तदादि शब्द-स्वरूपं तस्मिन् प्रत्यये परेऽङ्गसंज्ञं स्यात् ।

६७ एङ्-ह्रस्वात् सम्बुद्धेः ६ । १ । ६९ ।

एङन्तात् ह्रस्वान्ताच्च अङ्गाद् हल् लुप्यते सम्बुद्धेश्चेत् । हे राम !, हे रामौ !, हे रामाः !, । राम + अम्—

६८ अमि पूर्वः ६ । १ । १०७ ।

अकः अम्यचि परे पूर्वरूपमेकादेशः स्यात् । रामम् । रामौ । राम + शस्—

६२—प्रत्यय के आदि चवर्ग-टवर्ग की इत् संज्ञा होती है ।

६३—सुप् और तिङ् की विभक्ति संज्ञा होती है ।

६४—विभक्तिस्थ तवर्ग-सकार-मकार की इत् संज्ञा नहीं होती ।

६५—सम्बोधन में प्रथमा के एकवचन को सम्बुद्धि कहते हैं ।

६६—जो प्रत्यय जिससे किया जाय, तदादि शब्दस्वरूप को उस प्रत्यय के परे होने पर अङ्ग संज्ञा होती है ।

६७—एङन्त और ह्रस्वान्त अङ्ग से परे हल् का लोप होता है, यदि वह सम्बुद्धि का हो तो ।

६८—अक् से अम् सम्बन्धी अच् परे हो तो पूर्वरूप एकादेश होता है ।

६९ ल-श-क्वतद्धिते १ । ३ । ८ ।

तद्धित-वर्ज्यप्रत्ययाऽऽद्या ल-श-कवर्गा इत्संज्ञकाः स्युः। शस्य इत्त्वे लोपे पूर्वसवर्णदीर्घे च।

७० तस्माच्छसो नः पुंसि ६ । १ । १०३ ।

पूर्व-सवर्ण-दीर्घात् परो यः शसः सः तस्य नः स्यात् पुंसि। इति सस्य नः।

७१ अट्-कुप्वाङ्-नुम्-व्यवायेऽपि ८ । ४ । २ ।

अट्, कवर्गः, पवर्गः, आङ्, नुम्, एतैर्व्यस्तैः यथासम्भवं मिलितैश्च व्यवधानेऽपि र-षाभ्यां परस्य नस्य णः स्यात् समान-पदे। इति प्राप्ते।

७२ पदान्तस्य २ । ४ । ३७ ।

पदान्तस्य नस्य णो नः स्यात्। रामान्।

७३ टा-ङसि-ङसामिनाऽऽत्स्याः ७ । १ । १२ ।

अदन्तात् टादीनामिनादयः स्युः। अर्थात् - 'टा' इत्यस्य 'इन', 'ङसि' इत्यस्य 'आत्', 'ङस्' इत्यस्य 'स्य' इति। राम + (टा) इन। गुणो णत्वम्। रामेण।

७४ सुपि च ७ । ३ । १०२ ।

यञादौ सुपि अतोऽङ्गस्य दीर्घः स्यात्। रामाभ्याम्, राम + भिस्

६९—तद्धित प्रत्यय को छोड़कर प्रत्यय के आदि ल श कवर्ग की इत् संज्ञा होती है।

७०—पूर्व-सवर्ण दीर्घ से परे शस् के स् को न् होता है।

७१—अट्, कवर्ग, पवर्ग, आङ्, नुम् इनका अलग अलग या जितनों का सम्भव हो उतनों के व्यवधान में भी रेफ षकार से परे न् को ण् होता है समानपद में।

७२—पदान्त नकार को णकार नहीं होता।

७३—अदन्त अंग से परे टादियों को इनादि आदेश होते हैं।

७४—यञादि सुप् परे हो तो अदन्त अंग को दीर्घ होता है।

७५ अतो भिस ऐस् ७ । १ । १३ ।

अदन्ताद् अङ्गात् भिस ऐस् स्यात् ।

७५ ॥ अलोऽन्त्यस्य १ । १ । ५२ ॥

षष्ठी-निर्दिष्टस्यान्त्यस्याल आदेशः स्यात् ।

७६ अनेकाल् शित् सर्वस्य १ । १ । ५५ ।

अनेकाल् शित् च आदेशः सर्वस्य स्थाने स्यात् । वृद्धिः । रामैः ।

७७ ङेर्यः ७ । १ । ९ ।

अतोऽङ्गात् परस्य ङेर्यादेशः स्यात् ।

७८ स्थानिवदादेशोऽनल्-विधौ १ । १ । ५६ ।

आदेशः स्थानिवत्, स्यात् न तु स्थान्यलाश्रयविधौ । इति स्थानिवत्त्वात् "सुपि च" इति दीर्घः । रामाय । रामाभ्याम् ।

७९ बहुवचने झल्येत् ७ । १ । १०३ ।

झलादौ बहुवचने सुपि अतोऽङ्गस्य एकारः स्यात् । रामेभ्यः ।

८० वाऽवसाने ८ । ४ । ५६ ।

अवसाने झलां चरो वा । रामात्, रामाद् । रामाभ्याम् । रामेभ्यः । रामस्य । राम + ओस्—

८१ ओसि च ७ । ३ । १०४ ।

अतोऽङ्गस्य एकारः स्याद् ओसि परे । अय् । रामयोः । राम + आम्

७५—अदन्त अंग से परे भिस् को ऐस् आदेश होता है ।

७५—॥ षष्ठीनिर्दिष्ट के अन्त्य अल् को आदेश होता है ॥

७६—अनेकाल् तथा शित् आदेश सारे के स्थान में होता है ।

७७—अदन्त अंग से परे ङे को य आदेश होता है ।

७८—आदेश स्थानिवत् होता है परन्तु स्थानिसम्बन्धी जो अल्, तदाश्रयविधि कर्तव्य हो तो स्थानिवद्भाव नहीं होता ।

७९—झलादि बहुवचन सुप् परे हो तो अदन्त अंग को एकार होता है ।

८०—अवसान (अन्त) में झलों को विकल्प से चर् होता है ।

८१—ओस् परे हो तो अदन्त अङ्ग को एकार होता है ।

८२ ह्रस्व-नद्यापो नुट् ७ । १ । ५४ ।

ह्रस्वान्ताद् नद्यन्ताद् आबन्ताच्चाऽङ्गात् परस्य आमो नुडागमः स्यात् ।

८३ नामि ६ । ४ । ३ ।

अजन्ताऽङ्गस्य दीर्घः स्याद् नामि परे। णत्वं । रामाणाम् । राम + (ङि) इ, गुणः । रामे । रामयोः । राम + सु, एत्वे कृते—

८४ आदेश-प्रत्यययोः २ । ३ । ५९ ।

इण्कुभ्यां परस्याऽपदान्तस्य आदेशः प्रत्ययावयवश्च यः सस्तस्य षकारादेशः स्यात् रामेषु । एवम्—कृष्णादयोऽपि अदन्ताः ।

८५ सर्वादीनि सर्वनामानि १ । १ । २७ ।

सर्व, विश्व, उभ, उभय, डतर, डतम, अन्य, अन्यतर, इतर, त्वत्, त्व, नेम, सम, सिम । पूर्व, पर, अवर, दक्षिण, उत्तर, अपर, अधर । त्यद्, तद्, यद्, एतद्, इदम्, अदस्, एक, द्वि, युष्मद्, अस्मद्, भवतु, किम् । (इति सर्वादयः) ।

८६ जशः शी ७ । १ । १७ ।

अदन्तात् सर्वनाम्नो जशः शी स्यात् । अनेकाल्त्वात् सर्वादेशः । सर्वे ।

८७ सर्वनाम्नः स्मै ७ । १ । १४ ।

अतः सर्वनाम्नो ङेः स्मै । सर्वस्मै ।

८२—ह्रस्वान्त, नद्यन्त तथा आबन्त अङ्ग से परे आम् को नुट् का आगम होता है ।

८३—नाम् परे हो तो अजन्तांग को दीर्घ होता है ।

८४—इण् कवर्ग से परे अपदान्त आदेशरूप और प्रत्ययावयव सकार को षकार होता है ।

८५—सर्वादियों की सर्वनाम संज्ञा होती है ।

८६—अदन्त सर्वनाम से परे जश् को 'शी' आदेश होता है ।

८७—अदन्त सर्वनाम से परे ङे को 'स्मै' आदेश होता है ।

८८ ङसि-ङ्योः स्मात्-स्मिनौ ७ । १ । १५ ।

अतः सर्वनाम्नः एतयोरेतौ स्तः । सर्वस्मात् ।

८९ आमि सर्वनाम्नः सुट् ७ । १ । ५२ ।

अवर्णान्तात् परस्य सर्वनाम्नो विहितस्याऽऽमः सुडागमः स्यात् । एत्व-षत्वे । सर्वेषाम् । सर्वस्मिन् । शेषं रामवत् । हरिः । पूर्व-सवर्ण-दीर्घः । हरी ।

९० जसि च ७ । ३ । १०९ ।

ह्रस्वान्तस्याऽङ्गस्य गुणः स्यात् जशि । गुणे अय् । हरयः ।

९१ ह्रस्वस्य गुणः ७ । ३ । १०८ ।

ह्रस्वान्ताऽङ्गस्य गुणः स्यात् सम्बुद्धौ । हे हरे । हरिम् । हरी । हरीन् ।

९२ शेषो घ्यसखि १ । ४ । ७ ।

शेष इति स्पष्टार्थम् । ह्रस्वौ यौ इदुतौ तदन्तं सखिवर्जं घिसंज्ञं स्यात् ।

९३ आङो नाऽस्त्रियाम् ७ । ३ । १२० ।

घेः परस्याऽऽङो ना स्याद् अस्त्रियाम् । आङिति टा संज्ञा । हरिणा हरिभ्याम् । हरिभिः ।

८८—अदन्त सर्वनाम से परे ङसि-ङि को क्रमशः स्मात्-स्मिन् आदेश होते हैं ।

८९—अवर्णान्त से परे सर्वनाम से विहित आम् को सुट् का आगम होता है ।

९०—जश् परे हो तो ह्रस्वान्त अंग को गुण होता है ।

९१—ह्रस्वान्त अङ्ग को गुण होता है सम्बुद्धि परे हो तो ।

९२—सखि-शब्द को छोड़कर ह्रस्व इकारान्त उकारान्त शब्द की घि-संज्ञा होती है ।

९३—घि-संज्ञक से परे आङ् (टा) को 'ना' आदेश होता है, स्त्रीलिंग में नहीं ।

९४ घेर्ङिति ७ । ३ । १११ ।

घि-संज्ञकस्य ङिति सुपि गुणः । हरये ।

९५ ङसि-ङसोश्च ६ । १ । ११० ।

एङो ङसि-ङसोरति पूर्वरूपमेकादेशः स्यात् । हरेः । हर्योः । हरीणाम् ।

९६ अच्च घेः ७ । ३ । ११९ ।

इद्-उद्भ्यामुत्तरस्य ङेरौत् घेरच्च । वृद्धिः हरौ । हर्योः । हरिषु । एवम्—कव्यादयः ।

त्रिशब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । त्रयः । त्रीन् । त्रिभिः त्रिभ्यः । त्रिभ्यः ।

९७ त्रेस्त्रयः ७ । १ । ५३ ।

त्रि-शब्दस्य त्रयाऽऽदेशः स्याद् आमि । त्रयाणाम् । त्रिषु ।

९८ सुडनपुंसकस्य १ । १ । ४३ ।

स्वादि-पञ्चवचनानि सर्वनामस्थान-संज्ञानि स्युरक्लीबस्य ।

९९ त्यदादीनामः ७ । २ । १०२ ।

एषामकारो विभक्तौ ।

द्वौ २ । द्वाभ्याम् ३ । द्वयोः २ ।

९४—घि-संज्ञक को गुण होता है ङित् सुप् परे हो तो ।

९५—एङ् से ङसि-ङस् का अकार परे हो तो पूर्वरूप एकादेश होता है ।

९६—ह्रस्व इकार और उकार से ङि को 'औ' आदेश होता है और घि को अकार अन्तादेश होता है ।

९७—त्रि-शब्द को 'त्रय' आदेश होता है आम् परे हो तो ।

९८—स्वादि पाँच वचनों की सर्वनामस्थान संज्ञा होती है नपुंसकलिंग में नहीं ।

९९—विभक्ति परे होने पर त्यदादियों को अकार अन्तादेश होता है ।

भानुः, हरिवत् ।

१—भानुः, भानू, भानवः	५—भानोः, भानुभ्याम्, भानुभ्यः
२—भानुम्, भानू, भानून्	६—भानोः, भान्वोः, भानूनाम्
३—भानुना, भानुभ्याम्, भानुभिः	७—भानौ, भान्वोः, भानुषु
४—भानवे, भानुभ्याम्, भानुभ्यः	सं०—हे भानो !, शेषं प्रथमावत्

ऋकारान्तो धातृ-शब्दः—

१०० ऋतो ङिसर्वनामस्थानयोः ७ । ३ । ११० ।

ऋतोऽङ्गस्य गुणो ङौ सर्वनामस्थाने च । इतिप्राप्ते—

१०१ ऋदुशनस्पुरुदंसोऽनेहसां च ७ । १ । ९४ ।

ऋदन्तानाम् उशनसादीनाञ्च अनङ् स्याद् असम्बुद्धौ सौ । इत्यनङ् ।

१०२ हल्ङ्याब्भ्यो दीर्घात् सु-ति-स्यपृक्तं हल् ६ । १ । ६८ ।

हलन्तात्परं दीर्घौ यौ ङ्यापौ तदन्ताच्च परं सु-ति-सीत्येतदपृक्तं हल्लुप्यते।

१०३ न-लोपः प्रातिपदिकान्तस्य ८ । २ । ७ ।

प्रातिपदिकसञ्ज्ञकं यत्पदं तदन्तस्य नस्य लोपः स्यात् । इति नस्य लोपः ।

१०४ अप्तृन्-तृच्-स्वसृ-नप्तृ-नेष्टृ-त्वष्टृ-क्षत्तृ-होतृ-पोतृ-प्रशास्तॄणाम् ६ । ४ । ११ ।

अबादीनामुपधाया दीर्घोऽसम्बुद्धौ सर्वनामस्थाने । धाता, धातारौ, धातारः । धातारम्, धातारौ, धातॄन् । धात्रा । धात्रे । धातृ + ङसि—

१००—ऋदन्त अङ्ग को गुण होता है ङि और सर्वनाम स्थान परे हो तो ।

१०१—ऋदन्त और उशनसादियों को 'अनङ्' होता है सम्बुद्धिभिन्न सु परे हो तो ।

१०२—हलन्त से परे दीर्घ ङीबन्त और आबन्त से परे सु-ति-सि के अपृक्त हल् का लोप होता है ।

१०३—प्रतिपदिकसंज्ञक पद के अन्त में स्थित नकार का लोप होता है ।

१०४—अबादियोंकी उपधाको दीर्घ होता है असम्बुद्धि सर्वनामस्थान परे हो तो

१०५ ऋत उत् ६ । १ । १११ ।

ऋतो ङसि–ङसोरत उद् एकादेशः । रपरः । धातुर् स् ।

१०६ रात्सस्य ८ । २ । २४ ।

रेफात् संयोगान्तस्य सस्यैव लोपो नाऽन्यस्य । रेफस्य विसर्गः । धातुः । ऋवर्णाद् नस्य णत्वं वाच्यम् । धातॄणाम् । धातरि, धात्रोः, धातृषु । हे धातः ! ।

एवम् नप्त्रादयः । नप्त्रादिग्रहणं व्युत्पत्तिपक्षे नियमार्थम् । तेनेह न— पिता, अनङि सुलोपः—

१०७ सर्वनामस्थाने चाऽसम्बुद्धौ ६ । ४ । ८ ।

नान्तस्योपधाया दीर्घः स्याद् असम्बुद्धौ सर्वनामस्थाने ।

गुणे, पितरौ । पितरः । पितरम् । पितरौ, शेषं धातृवत् । एवं जामात्रादयः । ओकारान्तो गो-शब्दः—

१०८ गोतो णित् ७ । १ । ९० ।

ओकाराद् विहितं सर्वनामस्थानं णिद्वत् ।

१०९ अचो ञ्णिति ७ । १ । ९१ ।

अजन्ताङ्गस्य वृद्धिः स्याद् ञिति णिति च परे । गौः, गावौ गावः ।

१०५—ऋत् और ङसि-ङस् के अकार (दोनों) को 'उत्' एकादेश होता है ।

१०६—रेफ से परे यदि संयोगान्त का लोप हो तो सकार का ही हो, दूसरे किसी वर्ण का नहीं । (ऋवर्ण से परे न को ण् होता है) ।

१०७—सम्बुद्धिभिन्न सर्वनामस्थान परे हो तो नान्त की उपधा को दीर्घ होता है ।

१०८—ओकारान्त से विहित सर्वनामस्थान णिद्वत् होता है ।

१०९—अजन्त अङ्ग को वृद्धि होती है ञित् णित् परे हो तो ।

११० औतोऽम् शसोः ६ । १ । ९३ ।

औतोऽम्-शसोरचि आकार एकादेशः स्यात् । गाम्, गावौ, गाः । गवा, गोभ्याम्, गोभिः । गवे, गोभ्याम्, गोभ्यः । गोः २, गवोः, गवाम् । गवि, गवोः, गोषु ।

इत्यजन्ताः पुल्लिङ्गाः

अथ अजन्ताः स्त्रीलिङ्गाः

रमा । रमा + औ—

१११ औङ आपः ७ । १ । १८ ।

आबन्ताद् अङ्गात् परस्य औङः शी स्यात् । अनुबन्धलोपे, गुणः, रमे । पूर्वसवर्ण-दीर्घे, रमाः ।

११२ सम्बुद्धौ च ७ । ३ । १०६ ।

आप एकारः स्यात् सम्बुद्धौ । "एङ्ह्रस्वाद्" इति सम्बुद्धिलोपः । हे रमे, हे रमे ! हे रमाः ! । रमाम् । रमे, रमा + शस्, "प्रथमयोः" इति पूर्वसवर्णदीर्घः, रमाः ।

११३ आङि चाऽऽपः ७ । ३ । १०५ ।

आङि ओसि च आप एकारः स्यात् । अयादेशः । रमया, रमाभ्याम्, रमाभिः ।

११०—ओकार से अम्-शस् का अकार परे हो तो पूर्व पर को आकार एकादेश होता है ।

इति अजन्त पुल्लिङ्ग

अथ अजन्त-स्त्रीलिङ्ग

१११—आबन्त अंग से परे औङ् को 'शी' होता है ।

११२—आबन्त को एकार होता है सम्बुद्धि परे हो तो ।

११३—आङ् और ओस् परे हो तो आबन्त को एकार होता है ।

११४ याडापः ७ । ३ । ११३ ।

आपो ङितो याट् । "वृद्धिरेचि" इति वृद्धिः, रमायै । रमाभ्याम् ३ । रमाभ्यः २ । रमायाः २ । रमयोः २ । रमाणाम् । रमायाम् । रमासु । एवं दुर्गादयः ।

११५ सर्वनाम्नः स्याड् ह्रस्वश्च ७ । ३ । ११४ ।

आबन्तात् सर्वनाम्नो ङितः स्याट् स्याद्, आपश्च ह्रस्वः । वृद्धिरेचि । सर्वस्यै । सर्वस्याः २ । सर्वासाम् । सर्वस्याम् । शेषं रमावत् । एवं–विश्वादय आबन्ताः । मतिः, मती, मतयः । मतिम्, मती । शसि–मतीः । मत्या, मतिभ्याम्, मतिभिः ।

११६ ङिति ह्रस्वश्च १ । ४ । ६ ।

इयङ्-उवङ्स्थानौ स्त्रीशब्दभिन्नौ नित्यस्त्रीलिङ्गौ ईदूतौ, ह्रस्वौ च इवर्णोवर्णौ स्त्रियां वा नदी-संज्ञौ स्तो ङिति । मत्यै-मतये । मत्याः २-मतेः २ ।

११७ इदुद्भ्याम् ७ । ३ । ११७ ।

इद्-उद्भ्यां नदी-संज्ञकाभ्यां परस्य ङेराम् । मत्याम्-मतौ । शेषं हरिवत् । एवं बुद्ध्यादयः ।

११८ त्रि–चतुरोः स्त्रियाँ तिसृ–चतसृ ७ । २ । ९९ ।

स्त्री-लिङ्गयोरेतयोरेतौ स्तो विभक्तौ ।

११४—आबन्त से परे ङित् वचनों को याट् का आगम होता है ।

११५—आबन्त सर्वनाम से ङित्वचनों को 'स्याट्' का आगम होता है । और आप् को ह्रस्व होता है ।

११६—इयङ्-उवङ्-स्थानी, स्त्री शब्द से भिन्न नित्यस्त्रीलिंगवाची दीर्घ ईकार ऊकार तथा ह्रस्व इकार उकार की नदीसंज्ञा विकल्प से होती है, ङित् वचन परे होने पर स्त्रीलिंग में ।

११७—नदीसंज्ञक ह्रस्व इकार उकार से परे ङि को आम् होता है ।

११८—स्त्रीलिंगवाची त्रि और चतुर् शब्द को क्रम से तिसृ-चतसृ आदेश होते हैं ।

११९ अचि र ऋतः ७ । २ । १०० ।

तिसृ-चतसृ एतयो ऋकारस्य रेफादेशः स्याद् अचि । गुणदीर्घोत्वानामपवादः । त्रि + (जस्) अस्, ऋकारस्य रेफादेशः । तिस्रः । तिस्रः । तिसृभिः । तिसृभ्यः २ । आमि नुट् ।

१२० न तिसृ-चतसृ ६ । ४ । ४ ।

एतयोर्नामि दीर्घो न । तिसृणाम् । तिसृषु । द्वि-शब्दो नित्यं द्विवचनान्तः । "त्यदादीनामः" टाप्, द्वा + औ "औङ आपः" इत्यौकारस्य शीत्वे, गुणः । द्वे २ द्वाभ्याम् ३ । द्वयोः २ । सुलोपः, गौरी, गौर्यौ, गौर्यः ।

१२१ अम्बार्थ-नद्योर्ह्रस्वः ७ । ३ । १०७ ।

अम्बार्थानां नद्यन्तानां च ह्रस्वः स्यात् सम्बुद्धौ । हे गौरि ! । गौरीम्, गौर्यौ, गौरीः । गौर्या, गौरीभ्याम् । गौर्यै, गौरीभ्यः । गौर्याः २, गौर्योः २, गौरीणाम् । गौर्याम्, गौरीषु । एवम्—नद्यादयः । लक्ष्मीः, अङ्यन्तत्वाद् न सुलोपः । शेषं गौरीवत् । सुलोपः, स्त्री । हे स्त्रि !, नद्यन्तत्वात्—ह्रस्वः ।

१२२ स्त्रियाः ६ । ४ । ७९ ।

स्त्रीशब्दस्य इयङ् स्याद् अजादौ प्रत्यये परे । स्त्रियौ, स्त्रियः ।

१२३ वाऽम्-शसोः ६ । ४ । ८० ।

अमि शसि च स्त्रिया इयङ् वा स्यात् । स्त्रियम्, स्त्रीम् ।

११९—तिसृ और चतसृ के ऋकार को रेफादेश होता है—अच् परे हो तो । यह गुण, दीर्घ तथा उत्व का अपवाद है ।

१२०—नाम् परे हो तो तिसृ-चतसृ को दीर्घ नहीं होता ।

१२१—अम्बार्थक और नद्यन्त को ह्रस्व होता है सम्बुद्धि परे हो तो ।

१२२—स्त्री शब्द को इयङ् होता है अजादि प्रत्यय परे हो तो ।

१२३—अम्-असू परे हो तो स्त्री शब्द को विकल्प से इयङ् होता है ।

इति अजन्त स्त्रीलिंग ।

स्त्रियः-स्त्रीः। स्त्रिया। स्त्रियै। स्त्रियाः २। परत्वाद् नुट्, स्त्रीणाम्। स्त्रीषु।
धेनुः, मतिवत्।

१—धेनुः, धेनू, धेनवः
२—धेनुम्, ,, धेनूः
३—धेन्वा, धेनुभ्याम् धेनुभिः।
४—धेन्वै } ,, धेनुभ्यः
धेनवे }
५—धेन्वाः धेनोः, धेनुभ्याम् धेनुभ्यः
६— ,, ,, धेन्वोः, धेनूनाम्।
७—धेन्वाम्-धेनौ, ,, धेनुषु।
सं०—हे धेनो! शेषं प्रथमावत्।

माता पितृवत्। शसि-मातृः। द्यौर्गोवत्।

इत्यजन्ताः स्त्री-लिङ्गाः

अथ अजन्ता नपुंसक-लिङ्गाः

१२४ अतोऽम् ७। १। २४।

अतोऽङ्गात् क्लीबात् स्वमोः अम् स्यात्। "अमि पूर्वः" ज्ञानम्। "एङ् ह्रस्वाद्" इति सुलोपः। हे ज्ञान!।

१२५ नपुंसकाच्च ७। १। १९।

